तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 6 जून 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 बुढालपेन करसाड़ और मांदरी महोत्सव ...




14 विश्व पर्यावरण दिवस पर जल...




## कार्रवाई : सुरक्षा के मापदंडों का नहीं किया जा रहा था पालन

# खाद्य विभाग की टीम ने जब्त टैंकरों से डीजल की जांच के लिए लिया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- खाद्य विभाग का कहना है कि मामले की जाँच किया जा रहा, जल्द होगा खुलासा

बायपास में खुले में चिल्हर में वितरण किए जा रहे डीजल का टैंकर खाद्य विभाग ने जब्त किया था। उन टैंकरों से खाद्य विभाग की टीम ने सैंपल लिया। डीजल की गुणवत्ता की जाँच के लिए संबंधित लैब में भेजा जाएगा। खुले में चिल्हर में निको जायसवाल की पर्ची लेकर डीजल लेने पहुँचे वाहन के बारे में छोटेडोंगर माइंस के जीएम आशीष मिश्रा पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। उनसे इस पर जानना चाहा तो उनका कहना था कि सिलतरा में प्लांट है, वहीं से डीजल लेने के लिए पर्ची दी जाती है। रास्ते में कहीं से डीजल लेने के लिए पर्ची नहीं दी जाती है। खाद्य विभाग की टीम डीजल की गुणवत्ता की जाँच के लिए कार्रवाई के दूसरे दिन सबसे पहले बायपास रोड पहुंची। वहां पर खड़े ट्रैंकर में न तो ड्राइवर था और न ही वहाँ पर कोई स्टाफ था, इसके चलते वाहनों से सैंपल के लिए डीजल नहीं मिल पाया। दूसरा ट्रैंकर जीजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने खड़ा था, इस टैंकर से खाद्य विभाग ने सैंपल लिया है। खाद्य विभाग इस सैंपल को जाँच के लिए संबंधित लैब को रायपुर भेजेगा। खाद्य विभाग को अभी तक खुले में चिल्हर डीजल वितरण ▶▶| शेष पेज 12 पर




हरिभूमि फॉलोअप

### डीजल का खुले में वितरण नहीं किया जा सकता

कांकेर डीजल पंप के मालिकों से इस विषय पर बात किया तो उनका कहना था कि यह ज्वलनशील पदार्थ है। इसके लिए सुरक्षा के कई मापदंड का पालन करना पड़ता है। कांकेर बायपास में जिस तरह से डीजल का कई माह से खेल चल रहा था, वो हम लोगों के हिसाब से पूरी तरह से गैरकानूनी है। आयल कंपनी के साथ-साथ जीएसटी विभाग, प्रशासन, खाद्य विभाग और पुलिस को कार्रवाई करना चाहिए। यह बड़ा मामला है, ऐसा कांकेर में पहली बार देखा जा रहा है।


कार्रवाई : खनिज अधिकारी ने बताया कि डीजल में प्रथम दृष्टया दिख रही है मिलावट

बायपास में टैंकर से ट्रकों में डीजल को किया जा रहा था ट्रांसफर, खनिज विभाग ने किया जब्त

### ट्रांसपोर्टर ने नहीं दिया जवाब

सिंघल बिजिनेस प्राइवेट लिमिटेड के राहुल अग्रवाल से खुले में बिना सुरक्षा के टैंकर से डीजल ट्रकों में डालने को लेकर बात करने के लिए सायं 4 बजे हरिभूमि ने उनके मोबाइल पर संपर्क किया। उन्होंने कहा कि मीटिंग में हूँ, आपको लगाता हूँ। दो घंटे बाद फिर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, उन्होंने काल रिसीव किया। हरिभूमि ने विषय को रखा तो फिर से उनका वहीं जवाब मिला कि मीटिंग में हूँ। हरिभूमि ने खुले में डीजल ट्रांसफर के बारे में पूछा, उस पर कुछ भी नहीं बोले।

### छोटडोंगर माइंस के जीएम ने जताई अनभिज्ञता

छोटेडोंगर माइंस के जीएम आशीष मिश्रा से इस विषय पर बात किया तो पहले उन्होने पूरी तरह से अनभिज्ञता जाहिर किया। उनको बताया गया कि जायसवाल निको की डीजल पर्ची लेकर लौह अयस्क से भरे ट्रक के चालक डीजल खुले में लेने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता है। इस पर्ची से हमारे प्लांट सिलतरा से ही डीजल मिलता है। उन्होने कहा कि आप पर्ची वाट्सएप में भेज दीजिए, दिखवाता हूँ। हरिभूमि ने वो पर्ची उनको उपलब्ध भी करवायी।

### खुले में डीजल बेचना कानूनन अपराध है

जिला खाद्य अधिकारी जेआर नायक ने बताया कि इस तरह से खुले में डीजल को ट्रांसफर करने की जानकारी मेरे पास नहीं है। डीजल ज्वलनशील तरल पदार्थ है, इसे खुलेआम बेचना कानूनन अपराध तो है ही। खुले में बेचने पर कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। धारा 3 (2) (डी) के तहत कार्रवाई करने का प्रावधान है।

## खबर संक्षेप



### हानपतरी के सामुदायिक तालाब तट पर पौधारोपण

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हानपतरी में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम थीम अंतर्गत सामुदायिक तालाब में पौधारोपण किया गया। रोपण में कगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं जिला संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ भाजपा के विजय पटेल, सरपंच शिवलाल ध्रुव, पंच देवकी बाई आचला, रोजगार सहायक पवन पटेल एवं स्व सहायता समूह की दीदीयाँ व ग्रामवासियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विजय पटेल के द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण संवर्धन विकास पर फोकस करते हुए लगे पेड़ बचाए एवं प्रकृति को स्वस्थ बनाएं व सबको अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए योगदान देने की अपील किया गया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधारोपण



कांकेर। शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था परिसर में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया। शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गत वर्ष की सफलता को आधार बनाकर सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरणीय जागरूकता को और सशक्त बनाना है। मां और पृथ्वी के प्रति सम्मान स्वरूप संस्था में पौधारोपण का कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संस्था के एनएसएस शाखा एवं इको क्लब के समन्वय से आयोजित किया गया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य द्वारा रोपित पौधों को संरक्षित रखने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में संस्था के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वाहन से टकराया युवक, हुई मौत

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम सरंगपाल के पास आमाबेड़ा थानांतर्गत उसेली निवासी 17 वर्षीय चेतन सिंह बघेल सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। गंभीर चोट आने की वजह से उसका मौत हो गया। उसेली निवासी 48 वर्षीय जितेंद्र कुमार बघेल ने पुलिस को बताया कि मृतक 4 जन को रात 9 बजें ग्राम सरंगपाल सड़क में ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीके 6519 खड़ी वाहन से एक्सीडेंट होने से चोट आने के कारण मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

कांकेर। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तालाब में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील सरोना के ग्राम करप निवासी 65 वर्षीय रामदयाल नेताम की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी हिरोंदी बाई को चार लाख रुपये की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान

कांकेर। बांदे थानांतर्गत फरफुंदी निवासी 40 वर्षीय शिवराम कृषाण ने 3 जून को रात 10 बजें अज्ञात कारणो से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फुरफुंदी निवासी 38 वर्षीय प्रमिला आंचला ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है।

### पारिवारिक विवाद के बाद लगा ली फांसी, जांच में जुटी पुलिस

कांकेर। कोड़ेकुर्सी थानांतर्गत कोड़ोगांव निवासी 50 वर्षीय बिरसुराम जाड़े 3 जून की रात को परिवार वालो के साथ विवाद करके घर से निकला था। अगले दिन उसका शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। कोड़ोगांव निवासी 40 वर्षिय कवली बाई ने पुलिस को बताया कि मृतक बिरसुराम शराब के नशे में पत्नी व बेटे से विवाद कर अपने घर से 3 जून की रात ▶▶| शेष पेज 12 पर

### पखांजुर में स्वच्छ भारत मिशन बदहाल, एक सप्ताह से कचरा लेने नहीं आ रहीं गाड़ियां



पखांजुर। नगर पंचायत पखांजुर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर टू डोर कचरा लेने वाली गाड़ी व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। नगर पंचायत के पास 10 ई रिक्शा गाड़ियां हैं, लेकिन इनमें से 7 से 8 गाड़ियां कई महीनों से खराब पड़ी हुई हैं। बाकी बची 2 से 3 गाड़ियों के द्वारा ही 15 वार्डों में डोर टू डोर कचरा उठाने का काम किया जा रहा था, लेकिन एक सप्ताह से वो गाड़ियां भी खराब हो गई हैं। वर्तमान में सिर्फ एक मिनी टिप्पर से 15 वार्डों का कचरा उठाने का काम किया जा रहा है। कचरा घरों से जल्दी नहीं उठाने के कारण कचरा डस्टबिन में सड़ रहा है और बदबू मार रहा है। मजबूरी में वार्डवासियों को इधर-उधर फेंकना पड़ रहा है, जिससे आसपास गंदगी फैल रही है। क्रांतिकारी विचार मंच इकाई पखांजुर के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार सिर्फ दिखावे के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत बड़े-बड़े प्रचार कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। मांग किया है कि जल्द से जल्द ई रिक्शा गाड़ी मंगवाएं, ताकि डोर टू डोर कचरा उठाने का काम सुचारू रूप से चले और नगर वासियों को इस समस्या से निजात मिल सके।



## जिला चिकित्सालय में क्लब फुट दिवस मनाते पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय में क्लब फुट दिवस मनाया गया। इस दौरान उपचारित हितग्राहियों एवं जनमानस को जन्मजात विकृति क्लब फुट की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में हितग्राहियों को पौधा वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया के मार्गदर्शन में मेडिकल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनूप पद्मवार ने कहा कि क्लब फुट एक जन्मजात विकृति है, जिसका उपचार संभव है। इसमें मुख्य रूप से जन्म से ही पैरों में तिरछापन की समस्या आती है, जितनी जल्दी पहचान कर इसका उपचार कराया जाए उतना बेहतर होगा। जिला सलाहकार डॉ. विनोद वैद्य ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं क्योर इंटरनेशनल के सहयोग से कांकेर जिले में क्लब फुट क्लीनिक का संचालन प्रत्येक गुरुवार को किया जाता है।

कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुनील सोनी, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. नितिन वाल्मिकी, अस्पताल सलाहकार मुक्ता मिंज, काउंसलर दीपिका कावड़े सहित मेडिकल कॉलेज के छात्र एवं अस्पताल के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हिन्दूबिनापाल में 5 हजार पौधे रोपित करने का लिया गया संकल्प : सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सरपंच सहित समस्त ग्रामवासियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का लिए संकल्प। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल में सरपंच व वार्डपंच सहित समस्त ग्रामीणों ने पचांयत क्षेत्र व कचरा सेड के पास पौधे रोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिए। वहीं पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर रोपण करने सबसे ज्यादा महिलाओं कि भागीदारी रही।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिन्दूबिनापाल के सरपंच सनबती आचला ने सभी ग्रामवासियों को शुभकामनायें देते हुए पौधा रोपण कर बताया कि आज हम लोग समस्त ग्रामवासी व पंचायत के सभी वार्डपंचो के साथ मिलकर सर्व प्रस्ताव से अपने पंचायत में पाँच हजार पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। हम लोगो ने पाँच साल के कार्ययोजना लक्ष्य लेकर पाँच साल के भीतर लगभग बीस से पचीस हजार पौधा रोपण करेंगे। इस सत्र में 5 हजार पौधा लगाने की तैयारी पर काम कर रहे है और बहुत जल्द एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 5 हजार पौधा रोपण करने की पूरी सम्भावना है, जिसकी भी तैयारी पर वार्ता जारी है। यह पहली बार हो रहा है की इस प्रकार का आयोजन स्वयं ग्रामवासी करना चाहते है और रोपण पौधों का भी संरक्षण समस्त ग्रामवासी करने आगे आ रहे है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समस्त वार्डपंच, ग्राम गायता, पटेल व भारी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## खड़े ट्रैक्टर से टकराई बाइक, दोपहिया वाहन सवार एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पुलिस ने मर्ग कायम कर एक्सीडेंट के कारणों की कर रही है पतासाजी
- कांकेर से सिंगारभाट मार्ग में हुई सड़क दुर्घटना





बीती रात को कांकेर से सिंगारभाट मार्ग पर मरकाटोला के समीप बिना संकेतक के खड़े बिगड़े ट्रैक्टर से मोटर सायकल में सवार युवक टकरा गए, जिसमें एक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को जिला अस्पताल पहुँचाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि संजीवनी को खबर दिए जाने के आधा घंटे तक मौके पर नहीं पहुँची।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि जितेन्द्र कुमार बघेल पिता स्व. चतर सिंह बघेल उम्र 48 वर्ष ग्राम उसेली थाना आमाबेड़ा जिला कांकेर का निवासी अपने साथियों नुतन कुमार सुरोजिया, श्याम सुंदर रोजिया रिखी जैन के साथ थाना आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 जून 2025 को मेरा बेटा चेतन सिंह बघेल अपने दोस्त मधुसुदन वेध के साथ मेरा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजी 7546 में सवार होकर शाम करीबन साढ़े 4 बजे काकर के लिए निकले थे। मेरा साला नूतन कुमार सुरोजिया रात को करीबन साढ़े 8 बजे मुझे फोन कर बताया कि भांजा चेतन सिंह बघेल का मरकाटोला डुमाली के पास रात्रि करीबन साढ़े 7 बजे से 8 बजे के बीच लाल रंग का महेन्द्रा 475 डी आई टेक्टर क्रमाक सीजी 19 बीके 6516 में लगा ट्राली के खराब होने से रोड में होने से ट्राली के पीछे भांजा चेतन सिंह बघेल की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजी 7546 जाकर एक्सीडेंट होने से आसपास के लोगों की मदद से निजी वाहन से ईलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, जो भांजा वेतन सिंह बघेल का रास्ते से मौत हो गया। तुरंत अपने परिवार के साथ ही अस्पताल कांकेर आकर देखा तो मेरा बेटा चेतन बघेल का शव के ही अस्पताल कांकेर के चीरघर में रखा था, जिसके सिर, चेहरा, हाथ में गंभीर चोट लगा थी और उसके साथी मधुसुदन वैद्य के चेहरा सिर में चोट आया है, जिसका अस्पताल में ईलाज चल रहा है कि रिपोर्ट पर मर्ग डटीमेशन कायम कर शव जाँच पंचनामा कार्यवाही में रखा गया।

## अंतागढ़ में सशस्त्र सीमा बल ने चलाया वृहद पौधारोपण अभियान

अंतागढ़। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में वाहिनी मुख्यालय व इसके अंतर्गत आने वाली समस्त समवाय में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। वाहिनी मुख्यालय व समस्त सीओबी में भिन्न भिन्न प्रकार के दीर्घजीवी व फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कमांडेन्ट अरूण देवगम के द्वारा वाहिनी मुख्यालय के समस्त जवानों को पर्यावरण के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई, जिसमें जवानों को वातावरण व पर्यावरण को बचाओं के बारें महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। इस वृक्षारोपण अभियान के मौके पर वाहिनी मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं बलकर्मी भी उपस्थित रहें।




## किरगोली मांझीपारा में पर्यावरण दिवस पर रोपे गये पौधे


कांकेर। पर्यावरण दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग ब्लॉक कांकेर द्वारा ग्राम किरगोली मांझीपारा गोटूल स्पोर्ट अकैडमी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग ब्लॉक अध्यक्ष छविंद्र मंडावी ने कहा कि हर साल तीन चरण में इस गांव में वृक्षारोपण होता है। हम अभी कम पेड़ लगाते हैं और बारिश आने के बाद देव स्थल स्कूल या खाली जगहों पर वृक्षारोपण करते हैं और साथ ही गांव के शादियों में दूल्हा दुल्हन को पेड़ भेंट करते हैं ताकि घर में भी फलदार पेड़ लगाए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुरुषोत्तम मंडावी, पंच, सुखबती मंडावी, बबीता मंडावी, धनंजय शोरी, कमल मंडावी, विक्की, भूपेशएसुनील कोर्राम, आरती, सांध्य, प्रतिभा, पायल, सिमरन, तनु, वर्षा, वंदन, निहारिका आदि उपस्थित रहे।



## जनपद सदस्य ने की शिकायत, नहीं हो पा रहा सुधार

# बांसपतर-तिरियारपानी पुल निर्माण की गुणवत्ता पर उठाए गए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



विकासखंड नरहरपुर के ठेमा बांसपतर से तिरियारपानी मार्ग पर निर्माणधीन पुलिया के कार्य को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उंगली उठा रहे है, वहीं जिम्मेदार विभाग के न तो सब इंजीनियर नजर आते है और न ही कोई उससे बड़ा अधिकारी आता है। नक्सल इलाका बताकर पुल बनाने में ठेकेदार के द्वारा मनमानी की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। सरोना क्षेत्र के लिए यह कोई साधारण निर्माण कार्य नहीं, बल्कि एक ऐसी कड़ी है जो जिले के सरोना तहसील के गांवों को जोड़ने वाला पुल है। शिक्षा, चिकित्सा, कृषि और आपातकालीन सेवाओं के लिए जीवनरेखा माने जाने वाले पुल, विभागीय लापरवाही के चलते जनआस्था और सरकारी तंत्र की विफलता का जीवंत प्रतीक बन गया है। जनपद सदस्य केशरतिन बाई शोरी ने इस मामले की शिकायत भी किया है, उनका कहना है कि पुल निर्माण पूरी तरह ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत गुणवत्ताहीन हो रहा है। स्थानीय निरीक्षण में सामने आया है कि निर्माण में उपयोग की जा रही सीमेंट, रेत और लोहा की गुणवत्ता ठीक नहीं है। अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि क्यूरिंग जो किसी भी कंक्रीट स्ट्रक्चर की मजबूती के लिए अनिवार्य है, उसे पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। निर्माण ढांचे पर न तो पानी डाला जा रहा है और न ही ढंग से रख-रखाव किया जा रहा है, जिससे पूरे पुल की संरचनात्मक स्थिरता खतरे में है।

नक्सल क्षेत्र होने के कारण उच्च अधिकारी आते नहीं है, जिसके चलते ठेकेदार को मनमानी करने का मौका मिल जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह डर ठेकेदारों के लिए वरदान बन गया है। जनपद सदस्य का कहना है कि अगर अधिकारी समय पर और ईमानदारी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### एक संरचना नहीं, कई गांवों की उम्मीदें अधर में

यह पुल केवल एक संरचना नहीं, बल्कि दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली धुरी है। बच्चों के स्कूल जाने का रास्ता, बीमारों को अस्पताल पहुँचाने का मार्ग और किसानों के उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने का जरिया, इसकी अनदेखी सिर्फ तकनीकी लापरवाही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास कि दिशा में रोड़ा बन रही है।

## सीएम से मिलने की मांग करने वाले युवक कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के कराठी ग्राम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रवास के दौरान युवक कांग्रेस विभिन्न माँगो का ज्ञापन देने के लिए समय की माँग कर रहे थे। युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों को पुलिस ने सीएम प्रवास के दो घंटे पहले गिरफ्तार कर लिया था, ऐसा युवक कांग्रेसियों का आरोप है। युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव पंकज राज वाधवानी, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश यदु के नेतृत्व मे युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता पांच सूत्रीय मांगो को लेकर सीएम से मुलाकात करने के लिए समय की मांग किया था, परंतु मुख्यमंत्री के आने के दो घंटा पहले ही युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव व विधानसभा अध्यक्ष को उनके घर से गिरफ्तार करके थाने में ले जाकर डिटेन किया गया, जिस पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में रोष देखा गया। मुख्यमंत्री के वापस जाते ही युवा कांग्रेस के नेताओं एवं वरिष्ठ नेताओं को निशर्त रिहा किया गया। युवा नेताओं की गिरफ्तारी के बाद ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबल पाढ़ी, हितेश तिवारी, मुकेश चंद्राकर व दर्जनों नेताओं ने थाना पहुंचकर अपनी सांकेतिक गिरफ्तारी दिया। युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने कहा कि क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों, सवाल क्षेत्र में बढ़ रहे भ्रष्टाचार शिक्षकों युक्तिकरण भानुप्रतापपुर क्षेत्र में अवैध रेत खदान भानुप्रतापपुर को जिला बनाने अवैध ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का कलेक्टर ने किया अवलोकन



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने गुरुवार 5 जून को कोपाबेड़ा स्थित शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का अवलोकन किया। यहां संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। सहायक मत्स्य अधिकारी योगेश देवांगन ने इस दौरान बताया कि यहां कतला, रोहू, मृगल, ग्रास कार्प, कामन कार्प के साथ ही देशी मांगुर मछलियों का मत्स्य प्रेरित प्रजनन द्वारा बीज उत्पान किया जाता है। ये मत्स्य बीज जिले के साथ–साथ अन्य जिलों को भी प्रदाय किया जाता है। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने मत्स्य बीज प्रक्षेत्र के विकास के लिए निर्देशित किया एवं प्रक्षेत्र के आवश्कतानुसार फेंसिंग तथा अधोसंरचनाओं का मरम्मत व पुनर्निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने मत्स्य पालन के उनत तकनीक आरएएस की ईकाई स्थापित करने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान अनुविभागीय दण्डाधिकारी अजय उरांव, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ओम प्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे।

### पाठ्य पुस्तक वितरण की होगी ऑनलाइन ट्रैकिंग



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों को दिए जाने वाले निःशुल्क पाठ्य पुस्तक के वितरण की ट्रैकिंग बार कोड के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। गुरुवार को कोण्डागांव जिले के शिक्षकों को पाठ्य पुस्तक के वितरण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस वर्ष पाठ्य पुस्तकों के वितरण की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से मजबूत बनाने हेतु बारकोड स्कैनिंग प्रणाली को लागू किया गया है। प्रत्येक पुस्तक पर विशिष्ट बारकोड चिपकाया गया है, जिसे टीबीसी सीजी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से स्कैन कर वितरण किया जाएगा। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी निर्धारित पुस्तकें सुचारु रूप से प्राप्त हों और वितरण की निगरानी डिजिटल रूप से की जा सके। प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं जिला मिशन समन्वयक इमेल सिंह बघेल के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन जिले के पाठ्य पुस्तक प्रभारी एवं सहायक कार्यक्रम समन्वयक एस.आर. मरावी एवं मास्टर ट्रेनर व प्रोग्रामर जितेन्द्र कुमार देवांगन द्वारा किया गया। बारकोड स्कैनिंग प्रक्रिया को सुचारु रूप से क्रियान्वित करने के लिए विकासखंड स्तर पर सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों को बीआरसी कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में उन्हें बारकोड स्कैनिंग की संपूर्ण प्रक्रिया, मोबाइल एप के उपयोग, डेटा अपलोडिंग, तथा वितरण पंजीयन की विस्तृत जानकारी दी गई।

### दिवस : कृष्ण कुंज में पौधारोपण कर दी पर्यावरण संरक्षण की मिसाल

# कोंडागांव में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को मिला व्यापक जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोपाबेड़ा स्थित कृष्ण कुंज में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ प्रकृति से भावनात्मक जुड़ाव की मिसाल बनी यह पहल

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने अपनी माताओं के नाम पर एक–एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी व्यक्तिगत सहभागिता निभाई।

लता उसेंडी ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पेड़ माँ के नाम पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और भावनात्मक जुड़ाव का अद्भुत उदाहरण बताया। उन्होंने इस पहल को घर–घर तक पहुंचाने और बच्चों को प्रकृति के महत्व से अवगत कराने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्लास्टिक कचरे से होने वाले नुकसान और जल संकट की गंभीरता पर चिंता व्यक्त की, शहरों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और हर परिवार को कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। उन्होंने नदियों को सुरक्षित रखने के उपायों पर भी गंभीरता से विचार करने का आह्वान किया।



**निःशुल्क पौधा वितरण, वाहन को दिखाई हरी झण्डी**

विधायक लता उसेण्डी ने इस अवसर पर निःशुल्क पौधा वितरण वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने वन विभाग के इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पहल से पकृति प्रेमी लोगों को अपने घर पर ही निःशुल्क पौधे प्राप्त होंगे।



**कलेक्टर ने रोपा कटहल का पौधा**

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने अपनी माता जी की प्रिय सब्जी कटहल का पौधा आज कोपाबेड़ा स्थित कृष्ण कुंज में रोपा। उन्होंने इसकी सेल्फी लेकर अपनी माता जी को भी तुरंत भेजा और इस कार्यक्रम की जानकारी अपनी माता जी को दी। कलेक्टर श्रीमती पन्ना की माता जी ने भी कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

#### कलेक्टर ने प्लास्टिक उपयोग पर जताई चिंता

कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने प्रधानमंत्री की पहल को प्रेरणादायक बताते हुए हर नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का आग्रह किया। उन्होंने प्लास्टिक के अंधाधुंध उपयोग पर चिंता व्यक्त की और कहा कि शहरों में प्रदूषण के लिए शिक्षित वर्ग जिम्मेदार है। उन्होंने नागरिकों से वन विभाग से निःशुल्क पौधे प्राप्त कर उनकी उचित देखभाल करने की अपील की।

#### वन मंडलाधिकारी और सीआरपीएफ कमांडेंट ने भी किया संबोधित

कोंडागांव वन मंडलाधिकारी चुड़ामणि सिंह ने प्रदूषण की रोकथाम की शुरुआत घर से करने की बात कही और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। सीआरपीएफ कमांडेंट नितिन नाग ने कहा कि हमारी परंपरा में वृक्षारोपण का महत्व है और प्रधानमंत्री की पहल को जन–आंदोलन बनाना चाहिए। उन्होंने हर दिन को पर्यावरण दिवस मानकर प्रकृति संरक्षण में योगदान देने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विधायक सुश्री लता उसेंडी ने सभी उपस्थितों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण छोड़ने का संकल्प दिलाया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रमती रीता सोरी, नगरपालिका कोंडागांव अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जकसेतु उसेंडी, जनपद पंचायत कोंडागांव अध्यक्ष अनिता कोर्राम, एसडीएम अजय उरांव, एएसपी कौशलेन्द्र देव पटेल, जिले के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी–कर्मचारी, वन विभाग के अमले, स्कूली बच्चे और आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नपा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने किया पौधारोपण



**कोण्डागांव।** नगर पालिका द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थलों पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। इस अभियान के अंतर्गत मुक्तिधाम, स्विमिंग पूल परिसर एवं अन्य जगहों पर पौधारोपण का कार्य किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने बताया कि पर्यावरण की संरक्षण के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा एक नई पहल वूमेन फॉर ट्री का कैंपेन भी शुरू किया जा रहा है। जिसमें स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा वृक्षारोपण कर उन्हें जिओ टैग करने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए शासन से महिलाओं को प्रति माह मानदेय भी एक वर्ष तक दिया जाएगा

#### 200 पौधों का किया गया रोपण

स्वच्छता अभियान के बाद रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के मैदान में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत 200 पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी जी, वनमंडलाधिकारी ससिगानंदन के. तथा वन विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली निकालकर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वनमंडल नारायणपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निरीक्षण कुटीर नारायणपुर से एक जागरूकता रैली के रूप में हुई, जिसमें प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति, स्वच्छ पर्यावरण सुरक्षित जीवन और एक पेड़ माँ के नाम जैसे नारों के माध्यम से आमजन को संदेश दिया गया।



रैली मुख्य मार्गों पुराना बस स्टैंड, कलेक्ट्रेट रोड, जिला अस्पताल मार्ग से होती हुई बायोडायवर्सिटी पार्क में संपन्न हुई। रैली के उपरांत पार्क परिसर में प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा नगर पालिका परिषद नारायणपुर के स्वच्छता कर्मचारियों ने मिलकर हिस्सा लिया।





## विश्व पर्यावरण दिवस पर 188वीं वाहिनी ने किया सीआरपीएफ मुख्यालय चिकलपुटटी में पौधारोपण

**कोण्डागांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 188वी वाहिनी सीआरपीएफ मुख्यालय चिकलपुटटी, कोण्डागांव के द्वारा कैंप परिसर में कमाण्डेन्ट भवेश चौधरी–188वी वाहिनी के निर्देशन में कैंप परिसर व कैम्प के आसपास वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस वाहिनी की कम्पनी केशकाल, जिला कोण्डागांव, मरीपारा, पालेम एवं कुकानार जिला सुकमा एवं पुष्पालघाट जिला बस्तर द्वारा संबधित कैम्प व इलाको में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए शपथ लिया गया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण के बारे में सभी कार्मिको को जागरुक किया गया तथा विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार एवं औषधीयुक्त पौधो का वृक्षारोपण किया गया। आज वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुऐ 100 से अधिक पौधो का रोपण किया गया तथा यह वृक्षारोपण अगले कुछ सप्ताह तक जारी रहेगा।





**ये रहे मौजूद-** इस अवसर पर वाहिनी के कमाण्डेंट भवेष चौधरी, ने सभी जवानो को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया तथा जवानो को पर्यावरण के संरक्षण तथा संवर्धन के लिये उसके महत्व को बताया गया। पौधारोपण के कार्यक्रम में सीआरपीएफ 188 वाहिनी के अधिकारी नीतीन्द्र नाथ, द्वितीय कमान अधिकारी, ओंमप्रकाश बिश्नोई, सहा. कमाण्डेन्ट एवं डॉ0 राहुल चंन्द्रन आर0पी. चिकित्सा अधिकारी व सीआरपीएफ 188 वाहिनी के सभी अधिनस्थ अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे व वाहिनी परिसर एवं उसके आसपास के इलाके में सभी लोगों के द्वारा उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर डोगरीगुड़ा में हुआ पौधारोपण और जनजागरुकता कार्यक्रम

**कोण्डागांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत डोगरीगुड़ा और जिला लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरणीय चेतना को बढ़ाना, प्रदूषण को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने भाग लेकर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाया।





इस अवसर पर वक्ताओं ने प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों, कचरा प्रबंधन में सुधार, और स्वच्छता बनाए रखने के तरीकों पर प्रकाश डाला। उपस्थित जनसमुदाय को बताया गया कि किस प्रकार प्लास्टिक और अन्य अव्यवस्थित कचरा हमारे पर्यावरण, जल स्त्रोतों और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए दैनिक जीवन में छोटे–छोटे बदलाव जैसे पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं का इस्तेमाल, जैविक कचरे का अलग संग्रहण और पौधारोपण की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए यह संकल्प लिया कि वे प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहेंगे, अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखेंगे और पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

**ये हुए सम्मिलित-** कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक रीना सिंह ठाकुर, जेंडर विशेषज्ञ माधुरी उसेण्डी, उमेश कुमार गरापी एवं मनोज कुमार साहू, सेक्टर पर्यवेक्षक हेमलता उड़कें, ग्राम पंचायत डोगरीगुड़ा के सरपंच, पंचगण, गणमान्य नागरिक सहित छात्र–छात्रएं और स्थानीय बच्चे सम्मिलित हुए।

## पैंगोलिन तस्करी के खिलाफ वन विभाग की बड़ी कार्रवाई पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

जिले में वन्यजीव तस्करी के मामलों में वन विभाग की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। अबूझमाड़ क्षेत्र में अवैध शिकार कर वन्यजीवों की खाल, चमड़ा और हड्डियों की तस्करी करने वाले गिरोह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

■ फॉरेस्ट एसडीओ की अगुवाई में वन विभाग की छापामार दस्ते की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार, यह नारायणपुर जिले में पैंगोलिन खाल बरामद होने का तीसरा मामला है। वन विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर जंगली जानवरों का शिकार कर उनके अवशेषों को बाजार में बेचने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ने में सफलता पाई। एसडीओ अशोक सोनवानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार और वन मंत्री के निर्देशों के तहत वन्यजीवों की तस्करी रोकने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा, नारायणपुर जिले में ऐसे मामलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, और हमारी टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। वन विभाग द्वारा साइबर टेक्नोलॉजी की मदद से भी आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, जिससे इन अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने में सहायता मिल रही है। वन्यजीवों की तस्करी एक गंभीर अपराध है और इससे जैव विविधता पर गहरा संकट उत्पन्न होता है। वन विभाग की यह कार्रवाई न केवल कानून का पालन कराने की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा।

## जिले में 80 स्कूल बंद करेगी सरकार शिक्षा पर कुठाराघातः रजनू नेताम

**नारायणपुर।** प्रदेश की भाजपा सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम से 10463 स्कूलों को सीधे बंद करने का निर्णय ले चुकी है, इस तरह बस्तर संभाग मे 1163 एवं अबुझमाड़ जिला मे 80 स्कूल बंद कर रही है, जबकि भाजपा सरकार चुनाव के दौरान, 35000 शिक्षको के पद भरने का वादा कर सत्ता मे आयी थी, युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी नीति से जिससे 45000 शिक्षको का पद समाप्त हो जायेंगे।

भाजपा सरकार डबल इंजन सरकार का सपना दिखाने का वादा कर बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा कर सत्ता मे आयी और युक्ति युक्त कारण के नाम से रोजगार समाप्त करने घिनौनी खेल खेल रही है। इससे स्कूलों मे प्यून, हजारों रसोइया, स्वीपर, मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्वसहायता समूह बनाने वाली बहने के सामने जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जायेगा, आगे रजनू नेताम ने कहा की युक्ति युक्त करण से शिक्षा मे गुणवक्ता कभी नहीं आएगी, इससे शिक्षको को इधर उधर करके परेशान करने का काम ही भाजपा सरकार कर रही है।

**नशे के गिरफ्त में धंसा जा रहा है युवाः कांग्रेस-** सरकार अभी 67 नये शराब दुकान खोल रही है, आज युवा वर्ग नशे के गिरफ्त में धंसा जा रहा है, युवाओं के पास रोजगार नहीं है। प्रदेश मे पढ़े लिखें युवा नशा कर चाकू बाजी पर उतर आये है, भाजपा के सत्ता मे आने के बाद सभी विकास कार्य बंद हो चुके है। आगे कांग्रेस के पदाधिकारी ने कहा की अगर भाजपा अपना निर्णय वापस नहीं लेगी, तो हम सभी कांग्रेस जन भाजपा के रोजगार विरोधी नीति के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

**ये रहे उपस्थित-** सम्बोधन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसेल नाग, शहर अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, महासचिव शेख तौहीद, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी वीपी शुक्ला, शब्बीर बढ़गुजर, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, एनएसयूआई अध्यक्ष विजय सलाम, एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे!

## मादा भालू के हमले से बोड़ा बीनने गई बुजुर्ग महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बकावंड ब्लाक स्थित तुंगापाल के जंगल में बोड़ा बीनने गई बुजुर्ग महिला पर मादा भालू ने हमला कर दिया। हमले में गंभीर महिला को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के मुताबिक तुंगापाल ग्राम निवासी बुजुर्ग महिला घर से कुछ दूरी स्थित जंगल में बोड़ा बिनने के लिए गई हुई थी। जहाँ एक मादा भालू अपने 3 बच्चों के साथ जंगल में घूम रही थी। इसी दौरान मादा भालू ने बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर महिला किसी तरह अपने गांव पहुंची। इसकी जानकारी परिजनों व ग्रामीणों को दी। जिसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए बकावण्ड अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेकाज रेफर कर दिया गया। मेकाज में उपचार के लिए भर्ती आसमती 55 वर्ष ने बताया कि घर से कुछ दूरी में स्थित जंगल मे बोड़ा बीनने के लिए गई हुई थी। जहां से वापस लौटने के दौरान अचानक आसमती ने देखा कि एक मादा भालू अपने 3 बच्चों को लेकर जंगल मे जा रही थी। इसी दौरान मादा भालू की नजर उस पर पड़ी और उसने हमला कर दिया। मादा भालू ने आसमति के जांघ में बुरी तरह काट दिया। इसके बाद खून से लथपथ होकर वह अपने परिजनों व ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। घटना के बाद हादसे में गंभीर आसमति का मेकाज में उपचार जारी है।

## पेज 11 के शेष

### खाद्य विभाग की...

करने का किसी के पास कोई लाइसेंस नहीं होने की जानकारी नहीं मिल पाई है। खाद्य विभाग को अभी तक ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिल पाया है कि डीजल को टैंकर से दूसरे वाहन को खुले में डालने के लिए किसके आदेश पर कार्य किया जा रहा था। खाद्य विभाग की टीम का कहना है कि मामले की जांच चल रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि बिना सुरक्षा के ज्वलनशील पदार्थ डीजल का वाहनों में स्थांतरण किसके आदेश पर किया जा रहा था।

### पारिवारिक विवाद के...

को निकला था। अगले दिन 4 जून को घर में फांसी लगाकर अत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बांसपतर- तिरियारपानी...

से काम का मुआयना करते तो यह हालत नहीं होती। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि मिलीभगत है। इस संबंध में संबधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो सका।

### सीएम से मिलने...

शराब बिक्री बाईपास जैसे मुद्दों पर मुख्यमंत्री से शांति प्रिय तरीके से सवाल करने वाले थे, परंतु बीजेपी की सरकार का जनहित के मुद्दों से कोई भी सरोकार नहीं है। हमेशा वह विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। हमारी मांग से शासन व प्रशासन इस तरह घबरा गया कि हमें गैर संवैधानिक तरीके से पुलिस के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के हमें गिरफ्तार करके थाने में ले आया गया। ऐसा करने से अगर भाजपा की सरकार सोचती होगी कि युवा कांग्रेस जनहित के मुद्दों को लेकर मांग नहीं करेगी तो वह उनकी गलतफहमी है। हम लगातार जनता की हित में अपनी आवाज को बुलंद करते रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष आकाश यदु ने कहा कि जनता के मुद्दों को उठाने से अगर शासन और प्रशासन हमारे ऊपर कार्यवाही करना चाहता है तो हजारों बार करें जनता के मुद्दों को लेकर हम हमेशा सड़क की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण दिवस पर एनसीसी कैडेटों ने रोपे पौधे



**बस्तर।** शाउमावि बालक बस्तर में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर एनसीसी कैडेट द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर फलदार पौधे लगाए गए। जिसमें एनसीसी अधिकारी रितेश कुमार बघेल, देवानंद साहू शिक्षक उपस्थित रहे।

### शाउमा विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम रोपित




**लोहंडीगुड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाउमावि बालक लोहण्डीगुड़ा में एक पेड़ मां के नाम पर संस्था के मैदान में पौधे रोपित किए गए। उक्त अवसर पर संस्था के प्राचार्य व कार्यक्रम अधिकारी हेमराव खापडे, बेचुराम नाग, छात्र मंगलु, राहुल व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण




**सुकमा।** आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला पुनर्वास केंद्र सुकमा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम में एसपी किरण चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन और डीएफओ अक्षय भोंसले जिला पुनर्वास केंद्र में वृक्षारोपण किया।
इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा स्थानीय लोग भी शामिल हुए। अभियान का उददेश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और स्थानीय समुदाय को प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

### छिंदबहार में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

# एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

विकासखण्ड दरभा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।



भारत सरकार के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना और इको क्लब के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य बुधराम कश्यप ने पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए पेड़ों के महत्व को बताते कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए। रोपे गए पौधों को ठीक से संरक्षित करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि पौधरोपण करने का कार्य हमें छोटे-छोटे बच्चों से भी करवाया जाना चाहिए, उन्हें प्रेरित भी करनी चाहिए ताकि बच्चों में बचपन से ही पेड़ों के प्रति लगाव, उसके महत्व, जानकारी और उनमें समझ विकसित हो सके। साथ ही बच्चों को संरक्षण करने की जिम्मेदारी भी दें तो निश्चित रूप से लगाए हुए पेड़ एक दिन विशालकाय वृक्ष बनेगा। व्याख्याता एवं एनएसएस सहायक मनोहर सिंह बरनाला ने कहा कि हमें घरों में कम से कम नींबू, अमरूद, जामुन, नीम, मूनगा, आम ये 5 पेड़ जरूर लगाना चाहिए जो हमें पोषण व फल देती है। पेड़ों से ही ऑक्सीजन मिलता है यदि पेड़ ही नहीं होंगे तो स्वास्थ्य जीवन की कल्पना नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी ने कहा कि पेड़ ही भूजल को बढ़ाते हैं तो जल संरक्षण हेतु इस वर्ष हम स्कूल के पास के हर घर में जाकर पेड़ लगाएंगे और उन्हें संरक्षण की जिम्मेदारी देंगे। जिनका पेड़ अच्छा रहेगा उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। अंत में विद्यालय के मैदान में उपस्थित क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ 6 मुनगा एवं 2 जामुन का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस दौरान प्राचार्य बुधराम कश्यप, व्याख्याता मनोहर सिंह बरनाला, कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी, क्रिकेट खिलाड़ियों में पीलाराम बघेल, रमेश बघेल, भारत बघेल, जयमन बघेल, वॉलंटियर्स विकास मौर्य, देवनाथ मौर्य, बुधराम मौर्य, मुकेश कश्यप, राधिका कश्यप, लच्छनी आदि एनएसएस एवं इको क्लब सदस्य तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नपा अध्यक्ष ने हरित स्वच्छता अभियान के तहत रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरित स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका परिषद किरंदुल के मणिकंचन केंद्र के पास वार्ड क्र. 16 में स्थित तालाब के पास एवं गोठान में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के जैसे आम, अमरूद, इमली, पपीता, नीम, जामुन, मूंगा, सीताफल, शीशम आदि के पौधे रोपे एवं इस कार्यक्रम में नगर पालिकाध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह के द्वारा पौधारोपण किया गया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। यह हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। इसके पश्चात सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा पर्यावरण को बचाए रखने के लिए संकल्प लिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह, सीएमओ शशिभूषण महापात्र, पालिका इंजीनियर टीआर सिन्हा, पार्षद के सजी, पार्षद गिरिजा ठाकुर, अमृत टंडन, यशोदा चुन्नम, गोपीनाथ हरिजन, बी रूपा रानी, राजकुमार सोनी, थॉमस बाबू दुर्गम, पदमा नाग, बालसिंह कश्यप, अनिल मरकाम, जॉर्डन राम, मनराखन ठाकुर, गौरीशंकर तिवारी, धनंजय शर्मा, मनीषा ठाकुर उपस्थित थे।

## सांसद सहित विधायक, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बीजापुर प्रवास के दौरान बीजापुर मुख्यालय में 296.77 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित राहत शिविर भवन का लोकार्पण किया।

सांसद ने लोकार्पण पश्चात भवन की गुणवत्ता का अवलोकन भी किया। इस दौरान राहत शिविर भवन के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम अन्तर्गत पौधरोपण भी किया। सांसद के अलावा क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकारी कोरसा सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर संबित मिश्रा, प्रभारी वन मंडलाधिकारी, संदीप बल्गा सहित जिला, वन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पौधरोपण किया। बस्तर सांसद ने पर्यावरण को बचाने एवं संतुलित रखने के लिए पौधरोपण के साथ-साथ उसके समुचित देखभाल करने की समझाइस भी देते हुऐ पर्यावरण के लिए प्रत्येक पेड़ों की महत्ता को बताया। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण एवं मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## 219 वाहिनी ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

जीवित ग्रह को बचाना मानव जाति के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। बढ़ती जनसंख्या और आधुनिकीकरण के दुष्प्रभावों ने पृथ्वी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

समस्त जनजाति को पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूक करने

- इंजरम स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपण किए

तथा उनके विचारधारा में पर्यावरण के प्रति संरक्षण सकारात्मक बदलाव लाने के लिये प्रत्येक वर्ष 5 जून को दुनिया भर में विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस विषय को ध्यान में रखते हुये




आज इंजरम स्थित सीआरपीएफ दो सौ उन्नीस वाहिनी ने सूरज पाल वर्मा पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ रेंज कोन्टा के मार्गदर्शन में मुख्यालय इंजरम में पार्थ सारथी घोष कमाण्डेन्ट कर्मवीर सिंह द्वितीय कमान अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव उप कमाण्डेन्ट डॉक्टर लोकेश करोल चिकित्सा अधिकारी के साथ-साथ कैम्प में उपस्थित अधीनस्थ अधिकारिगण तथा जवानों ने मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत कैम्प परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे छायादार पौधे तथा औषधी वनस्पति आदि का रोपण कर पर्यावरण का संरक्षण तथा प्रबंधन का संकल्प लिया गया और एक हरित और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ाने का संदेश दिया।

### एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत केवी में हुआ पौधारोपण



**गीदम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएम केन्द्रीय विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने अपनी माता के सम्मान में पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति से भावनात्मक जुड़ाव को प्रेरित करना था। सभी प्रतिभागियों को इस अवसर पर प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। विद्यालय के प्राचार्य किशन लाल मीणा ने इस प्रयास की सराहना करते हुए छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाते हैं।

### 1 से 26 जून तक आयोजित होंगे नशा मुक्ति कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा।** समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 26 जून तक अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम जैसे जनसामान्य की सहभागिता से रैली का आयोजन। विश्व विद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालयों में नशा मुक्ति पर केन्द्रित चित्रकला, नशा मुक्ति पर केन्द्रित सेमिनार, गोष्ठियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों भाषण, गीत, नृत्य, नाट्य, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं के आयोजन जिले में किए जाएगें। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में भी नशापान के दुष्परिणामों का प्रचार-प्रसार, निवारण शिक्षा आदि कार्यक्रमों का व्यापक रूप से आयोजन होगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक और पोलीथिन के मुक्ति के लिए चलाया जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

विकासखण्ड बस्तर अन्तर्गत माध्यमिक शाला कुड़कानार में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने व वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर ग्राम पंचायत कुडकानार में जागरूकता अभियान चलाया गया।

इसके तहत शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव द्वारा ग्रामीणों एवं बच्चों को सिंगल यूज़्ड प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होने बताया




कि विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इसका मकसद पर्यावरण संरक्षण के लिए वैश्विक जागरूकता और कार्रवाई को प्रोत्साहित करना है। एकल प्रयोग प्लास्टिक को न कहें, इस साल का मुख्य संदेश है। प्लास्टिक का इस्तेमाल बहुत अधिक होने की वजह से पर्यावरण पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। प्लास्टिक की वजह से कई नई-नई बीमारी हो रही है। प्लास्टिक को जलाने के कारण जहरीला गैस उत्पन्न होती है,जिससे वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है। प्लास्टिक और पोलीथिन खाने के कारण कई पशुओं की अभी तक मौत हो चुकी है। बताया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक कोई भी यूज़ नहीं करें। सभी बच्चों एवं ग्रामीणों को प्लास्टिक के थैले के स्थान पर कपड़े के थैले इस्तेमाल करने को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान यूथ ऐंड इको क्लब के बच्चे पॉलिथीन के थैले को सिर पर ढंक कर उससे होने वाली घूंटन को महसूस किया।

इस दौरान प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव शालेय छात्र छात्राओं में योगेन्द्र कश्यप, अमित बघेल, ईशांत गोस्वामी, सुशील बघेल, रंजना बघेल, सलोनी बघेल, रेशमी बघेल, कविता बघेल,वेदंती बघेल, युग किशोर बघेल, इलेश मौर्य उपस्थित थे।

## शिविर में नहीं पहुंचने वाली स्कूल बसों का होगा पंजीयन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बस्तर जिले की शैक्षणिक संस्थान के प्रबंधन को नोटिस दिया कि 14 जून को स्कूल बसों की जांच कराने के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नहीं पहुंचने पर स्कूल बसों का पंजीयन निरस्त किया जाएगा। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने नोटिस में निर्देश दिया कि बस्तर जिले के शैक्षणिक संस्थान स्कूल, कालेज, आईटीआई में संचालन होने वाली शैक्षणिक संस्थान वाहनों को उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार जारी गाइड लाइन अनुसार 14 जून की सुबह 8 बजे कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कुरन्दी रोड आड़ावल में जांच शिविर आयोजित किया गया है। निरीक्षण के लिए प्रस्तुत वाहनों का एक सैट आवश्यक दस्तावेज सहित वाहन को अद्यतन कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। स्कूल प्रबंधकों को कहा गया कि स्कूलीय वाहनों को नियत जांच शिविर में प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो मोटर यान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत वाहनों का उपयुक्तता प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र, अनुज्ञा पत्र, निलंबन, निरस्तीकरण की कार्यवाही किया जाएगा और वाहन संचालित होते पाया जाएगा तो वाहन निरूद्ध भी किया जाएगा।

## वन मंदिर वाटिका टेकनार में कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

अंतरराष्ट्रीय विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के परिप्रेक्ष्य में दंतेवाड़ा वन मंडल के तत्वाधान के तहत आज मुख्यालय स्थित वन मंदिर वाटिका टेकनार में कलेक्टर कुणाल दुदावत के सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पौध रोपण किया गया। अधिकारियों ने इस दौरान आम, कदम, नारियल, फलदार जैसे अन्य पौधों का रोपण किया। इस मौके पर वनमंडलाधिकारी अधिकारी डॉ. जाधव सागर रामचंद्र, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, उपवन




मंडलाधिकारी गीदम, वीएन नाग दंतेवाड़ा उपवन मंडल अधिकारी दंतेवाड़ा द्रोपती ठाकुर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### महापौर के नेतृत्व में एमआईसी सदस्यों ने की एसपी को पत्र सौंप जांच कराने की मांग

# गुपचुप तरीके से मलबा डंप कर दलपत सागर को अतिक्रमण करने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महापौर संजय पांडे गुरुवार को निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन व एमआईसी सदस्यों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच एसपी शलभ सिन्हा को शिकायत पत्र सौंपा। जिसमे ऐतिहासिक दलपत सागर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किये जाने पुष्टि हुई है। महापौर ने ऐसे व्यक्ति की पहचान कर उचित कार्रवाई करने कहा है।

विदित हो कि दलपत सागर जो कि सार्वजनिक सम्पत्ति है, तथा जन साधारण के प्रयोग के लिए निहित है। दलपत सागर के रख-रखाव की जिम्मेदारी नगर प्रशासन की है। नगरपालिक निगम के द्वारा समुचित रूप से दलपत सागर का रख-रखराव निष्पादित



किया जाता है।

विगत कुछ समय से यह परिलक्षित हो रहा है और जानकारी भी प्राप्त हो रही है कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा दादाबाड़ी के पीछे दलपत सागर के पाट को कम करने के दृष्टिकोण से मलबा डाला जा रहा है। ताकि धीरे-धीरे उक्त जमीन को अतिक्रमण किया जा सके। नगर प्रशासन के द्वारा इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, कि किस और किन व्यक्तियों के द्वारा षड़यंत्र पूर्वक उक्त कार्यवाही की जा रही है। अभी तक ऐसी कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है। इस विशिष्ट पृष्ठभूमि में पुलिस अधीक्षक से शिकायत पत्र देकर महापौर, निगम अध्यक्ष समेत एमआईसी सदस्यगण आग्रह करते कहा है कि संबंधित थाने के प्राधिकारी को निर्देशित करें कि वे इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कदाचित अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दलपत सागर में मलबा डंप न किया जाये। यह भी निवेदन है कि यदि उक्त अनुसार अवैध कृत्य करते हुए कोई व्यक्ति पुलिस को मिलते है तो उनके विरूद्ध विधि अनुसार अपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए समुचित कार्यवाही करने की व्यवस्था करें।

**ये रहे मौजूद-** इस दौरान निर्मल पाणिग्राही, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, राणा घोष, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रन्धारी, संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर, राजपाल कसेर व अन्य सम्मलित थे।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

क्रमांक/12-11/सामा./प्रेस/967 जगदलपुर, दिनांक 04/06/2025

### बिजली बंद की सूचना

संचा./संधा. संभाग जगदलपुर के समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि लोहण्डीगुडा उपसंभाग के वितरण केन्द्र लोहण्डीगुड़ा, घोटिया एवं मारडूम के अंतर्गत निम्नांकित फीडरों / विद्युत लाईनो का मानसून पूर्व मेन्टेनेन्स रखरखाव / संधारण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्न दर्शायी गई तिथि के सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्र में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में कमी या वृद्धि की जा सकती है ।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07.06.2025 | शनिवार | 33 के. व्ही. टाकरागुड़ा फीडर | टाकरागुड़ा से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर प्रभावित रहेगी। |
| 2 | 09.06.2025 | सोमवार | 33 के.व्ही. मारडुम फीडर | डी.आर.डी.ओ. केन्द्र । |
| 3 | 10.06.2025 | मंगलवार | 33 के.व्ही. तारागांव | तारागांव से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर प्रभावित रहेगी। |
| 4 | 11.06.2025 | बुधवार | 33 के.व्ही. घोटिया | घोटिया से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर प्रभावित रहेगी। |
| 5 | 12.06.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही.बोदरा फीडर टाकरागुड़ा सबस्टेशन | टाकरागुडा उसरीबेडा बडेधाराउर, लामडागुडा, चित्रकोट, परीयागुडा के आने वाले समस्त पारा मोहल्ला। |
| 6 | 13.06.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. चित्रकोट, फीडर टाकरागुड़ा सबस्टेशन | धुरागांव, चन्दनपुर, कोडेबेडा, छिन्दगांव, कुम्हली, तराईभाटा के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला। |
| 7 | 14.06.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. जलप्रपात, फीडर टाकरागुड़ा सबस्टेशन | उसरीबेड़ा हाई स्कुल, स्वामी आत्मानंद स्कुल, चित्रकोट रेस्ट हाउस एवं रिसोर्ट। |
| 8 | 16.06.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. पोटानार फीडर टाकरागुड़ा सबस्टेशन | चोण्डीमेटावाड़ा, पोटानार, देउरगांव, करंजी, टाहकापाल, टांडपाल, कोहकापाल गुमियापाल, रानसरगीपाल, साकरगांव, बुर्जी के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला। |
| 9 | 17.06.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. तारागांव फीडर टाकरागुड़ा सब स्टेशन | टाकरागुडा, बेलर, कोठियागुड़ा, बाघनपाल, बडेपरोदा, छोटे परोदा। |
| 10 | 18.06.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. घोटिया फीडर टाकरागुड़ा सबस्टेशन | पल्लीचकवा, बडेचकवा, पराली, रोतमा, बागबहार के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला। |
| 11 | 19.06.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. तारागांव फीडर तारागांव सब स्टेशन | नेंगीरास, गढ़िया, कोकड़ीगुड़ा, पारापुर के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला। |
| 12 | 20.06.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. पारापुर फीडर तारागांव सब स्टेशन | मटनार, करकागुडा, हाथीदराहा, सुलेंगा, मारडुम, मारेंगा, मारीकोडेर, लिमउपदर, भेजा, सतसपुर, बिन्ता, करेकोट, नाकटोका के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला। |
| 13 | 21.06.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. अलनार फीडर तारागांव सब स्टेशन | छिन्दबहार, तारागांव पदमपारा, मिचनार, साडरा, तारागांव सोलापारा, अलनार, लखईबेडा, गढदा, अदवाल, तोयर, आंजर, बडेगुमियापाल, सिलकझोडी के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला। |
| 14 | 23.06.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. एरमुर फीडर, तारागांव सबस्टेशन | तारागांव, मांदर, नेगानार, एरमुर, ईरिकपाल,पारापुर घसियापारा। |
| 15 | 24.06.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. मटनार फीडर घोटिया सबस्टेशन | तिरथा, रतेंगा, छोटे बदरेंगा, बड़े बदरेंगा, परोदा, कोरमेल, खड़पड़ी, पाड़ेरपानी के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला। |
| 16 | 25.06.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. घोटिया फीडर घोटिया सबस्टेशन | पश्चिम टेमरा पुर्वी टेमरा,, परीपात, नारायणपाल, घोटिया, कुरुषपाल, सुधापाल, आलवही के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला। |
| 17 | 26.06.2025 | गुरुवार | 11 के.व्ही. बोदरा फीडर, घौटिया सबस्टेशन | भैसगांव, बोदरा, दुबागुडा, रोतमा, अटारगुडा, चितलवार, सौरापाल के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला। |
| 18 | 27.06.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. ककनार फीडर, घोटिया सबस्टेशन | पुषपाल, महीमा, ककनार, मालेवही, पालम, धर्माबेडा, हर्राकोडेर, कोडेनार, अमलीधार। |

सुदीप कुमार खेस्स
कार्यपालन अभियंता ( संचा./ संधा. )
संभाग छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्री.कं.लि., जगदलपुर

## खबर संक्षेप



### हुलघट और सोनपाल में मनाया हर घर जल उत्सव

**कांकेर।** जल जीवन मिशन के तहत दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के ग्राम हुलघट, सोनपाल में सभी घरों में नल से जल प्रदाय करने की मुहिम चलाई जा रही है। जिला समवन्यक किरण यादव द्वारा जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दी गई और समिति के सभी सदस्यों को योजना संचालन-संधारण के सम्बन्ध में पंप ऑपरेटर एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्रामवासियों की सहमति से जल कर तय किया गया। उक्त ग्रामों में ग्रामसभा आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम के सरपंच, वार्ड पंच, ग्राम स्तरीय समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बाढ़ अतिवृष्टि से बचाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ अतिवृष्टि आदि से बचाव हेतु जिला स्तर पर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके लिए अपर कलेक्टर अरूण कुमार वर्मा को नोडल अधिकारी एवं अधीक्षक भू-अभिलेख आरसी मंडावी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार की हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम मचांदुर नाका के पास ट्रक की टक्कर से कार में सवार कविता दौरिया गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। चारामा पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि मृतिका कविता दौरिया अपने परिवार के साथ दंतेवाड़ा से वापस आ रही थी। मचांदुर नाका के पास 25 मई को रात पौने 9 बजें आरोपी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 27 बी 7799 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मृतिका के कार जिसमें वह अपनी परिवार वालो के साथ सवार थी, उसे जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से कार में सवार अन्य लोगो को भी चोट आई थी। मृतिका को गंभीर चोट आने की वजह से रायपुर के अस्पलात में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतिका की मौत आरोपी ट्रक वाहन क्रमांसी सीजी 27 बी 7799 के चालक द्वारा वाहन को तेज व लापवाही पूर्वक चलाने से आई चोट के कारण होना पाए जाने पर धारा 281, 125 (बी), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

**प्रवास : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुढालपेन करसाड़ एवं मांदरी महोत्सव 2025 में की शिरकत**

# बुढालपेन करसाड़ और मांदरी महोत्सव नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

जिले के ग्राम कराठी (संबलपुर) में आयोजित बुढालपेन करसाड़ एवं मांदरी महोत्सव 2025 में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यह महोत्सव

- भानुप्रतापपुर और दुर्गुकोंदल में गोंडवाना समाज के भवन के लिए किए 25 -25 की घोषणा







क्षेत्र की पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और आगे बढ़ाने का प्रतीक माना जाता है। मुख्यमंत्री के हाथों आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल विकासखंड हेतु नीति आयोग के द्वारा 75 लाख रुपए की राशि का चेक कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर को प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। जिले के पांच टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को भी सम्मानित किया गया। कराठी में 5 जून को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्थानीय आदिवासी परंपराओं और लोक संस्कृति को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि बुढालपेन करसाड़ और मांदरी महोत्सव हमारे पुरखों की परंपराओं और सांस्कृतिक गौरव का उत्सव है। यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। बुढालपेन करसाड़ एवं मांदरी महोत्सव में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वज द्वारा बताए गए संस्कृति को हमें नहीं भूलना है, मिलजुल कर रहना है और इस परंपरा को हमेशा जीवित रखना है। इस परंपरा को बढ़ाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने महोत्सव स्थल में सबसे पहले आदिवासी समाज के आराध्य देव बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि एवं शांति की कामना किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के लिए सभी आयोजको को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी से पेड़ लगाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को अपने अपने मां के नाम पर एक एक पेड़ लगाने की अपील भी किया। बुढ़ाल पेन करसाड़ एवं मांदरी महोत्सव को सांसद भोजराज नाग, अंतागढ़ विधायक विक्रमदेव उसेंडी, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी और कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनते ही हमने पीएम आवास योजना के तहत 18 लाख परिवारों को आवास की स्वीकृति दी थी। प्रधानमंत्री ने अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान 3 लाख लोगों को गृह प्रवेश कराया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा सभी वर्गों के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है ताकि सभी आत्मनिर्भर बन सके और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सके। महिलाओं के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना से महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनती जा रही है। हमारी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना, तेंदूपत्ता बोनस योजना सहित अन्य योजनाएं चलाई जा रही है। सभी पंचायतों में बैंकिंग सुविधा दी जाएगी। उन्होंने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना, पीएम जनमन योजना, बस्तर संभाग में संचालित नियद नेल्लानार जैसे योजनाओं के बारे में जानकारी दिया और कहा कि बस्तर में पर्यटन के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहे हैं, होम स्टे को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में होमस्टे को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातियों को वन उत्पादों के बेहतर प्रतिफल के लिए भी विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। जनजातीय समाज के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

### मुख्यमंत्री ने किया घोषणा

मुख्यमंत्री ने भानुप्रतापपुर में गोंडवाना समाज के भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए, गोंडवाना समाज दुर्गुकोन्दल के भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए, गोंडवाना समाज के 12 परगना में शेड निर्माण के लिए 10- 10 लाख रुपए, गोंडवाना समाज के 05 सर्कल में शेड निर्माण के लिए 05-05 लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत संबलपुर के भवन निर्माण के लिए भी घोषणा किया गया।

### कार्यकम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, छत्तीसगढ़ मत्स्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा एवं सुमित्रा मारकोले, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अध्यक्ष सुनाराम तेता, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर अध्यक्ष निखिल राठौर, महेश जैन, ग्राम पंचायत संबलपुर और कराठी के सरपंच सहित डीआईजी अमित तुकाराम कांबले, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलिसेला सहित महोत्सव में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधिगण अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम थीम पर स्कूल और छात्रावास में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



- विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम थीम अंतर्गत शासकीय कन्या हाई स्कूल, कन्या माध्यमिक शाला एवं 200 सीटर आवासीय कन्या छात्रावास में संयुक्त रूप से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संरक्षण, संवर्धन, प्रबंधन और विकास का संकल्प लेते हुए स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया गया। जिसमें फलदार एवं हवादार वृक्ष नींबू, कटहल, आम व नीम का पौधारोपण किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य मनीषा सिन्हा ने कहा की पर्यावरण दिवस की उपलक्ष में हम सभी का दायित्व है वृक्षारोपण पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन, विकास पर संकल्प लेते हुए वृक्ष लगाए, पर्यावरण बचाएं, वृक्ष लगाए, खुशहाली लाएं, हरियाली लाए, भविष्य बचाए और हम सब की जवाबदारी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाने की बात कहीं। पर्यावरण वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करते हैं व जल चक्र को बनाए रखने में मदद करते हैं। पौधे जैव विविधता को बढ़ावा देते हैं। पर्यावरण संरक्षण में स्वच्छता और हरित भविष्य की दिशा में पेड़ पौधे काफी उपयोगिता साबित होती है। इस अवसर पर खंड स्त्रोत समन्वयक लतीफ सोम, कन्या आवासीय छात्रावास के अधीक्षका शैलेंद्री मरकाम, युपेंद्र कस्तूरे, देविका कुंजाम, हेमलता जैन, तामेश्वरी कल्लो एवं अन्य उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर जागरुकता का दिया संदेश

**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर इमलीपारा स्कूल परिसर में फलदार एवं छायादार एवं अन्य पौधों का रोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। स्कूल के शिक्षकों, बच्चों व अन्य स्टाफ ने मिलकर लगभग 50 पौधे रोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि रेंजर बीएस सूर्यवंशी ने कहा कि पेड़-पौधों का संरक्षण केवल फारेस्ट विभाग का ही नही बल्की पूरे नागरिकों का नैतिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाजसेवी संस्था से अमृतलाल देवांगन ने कहा कि पेड-पौधों के संरक्षण के साथ-साथ पशु-पक्षियों को संरक्षित करना बहुत जरूरी है, क्योंकि पेड़-पौधे, जंगल एवं पशु-पक्षी एक दूसरे के पूरक है। गौरव देवांगन ने हमारे दैनिक जीवन में पर्यावरण के लिए अच्छे आदतों का निर्माण करते हुए, समय-समय पर अपने आसपास के खाली जमीनों पर पौधा रोपण, पौधे पर पानी डालकर, पालीथीन बैग का उपयोग न करते हुए, काटन बैग का उपयोग कर पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकते हैं। इस अवसर पर उत्तम मिश्रा ने कहा कि पेड़-पौधे को काटने एवं आगजनी से बचाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। पैराडाइज स्कूल में कक्षा नर्सरी से हायर सेकेण्डरी तक पर्यावरण की शिक्षा विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यानुभव के माध्यम से दी जाती है।



### इनका रहा सहयोग

पर्यावरण जागरूकता के कार्यक्रम में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी का मार्गदर्शन एवं सहय रहा तथा इस अवसर वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र बढ़ाई, अवतार सिंह, तीरथ साहू, भारती सेठिया, संगीता भारती, शिखा मेहरा, टाकेश्वर साहू, पेकटेंश, सरिता मिश्रा आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

## ग्राम अभनपुर व पेंड्रावन में जंगल और जमीन के संरक्षण का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम अभनपुर और उसके आश्रित ग्राम पेंड्रावन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान ने ग्रामीण जीवन में हरियाली को पुर्नस्थापित करने और भावी पीढ़ियों के लिए प्रकृति को संरक्षित करने का सशक्त संदेश दिया गया।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर पीपल, बरगद, शीशम, साल, सरई, जामुन, काजू और नीम जैसे वृक्षों का सामूहिक रोपण किया। इन वृक्षों का चयन उनकी पारिस्थितिक महत्ता और सामाजिक-आर्थिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए किया गया। पीपल और बरगद जैसे वृक्ष जहाँ शुद्ध वायु के प्रमुख स्त्रोत हैं, वहीं नीम और शीशम औषधीय गुणों से भरपूर हैं। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता रही ग्रामवासियों की उत्साही भागीदारी। पुरुष, महिलाएं, बच्चे सभी ने अपनी-अपनी भूमिका निभाते हुए यह साबित किया कि जब कोई कार्य जन-आंदोलन बन जाता है तो उसका परिणाम निश्चित ही दूरगामी और प्रभावशाली होता है। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें शामिल हर व्यक्ति ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जिम्मेदारी निभाने की शपथ ली। जल-जंगल-जमीन की रक्षा को जीवन का मूल मंत्र मानते हुए लोगों ने सामूहिक संकल्प लिया कि वे अपने आस-पास के प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित रखेंगे, नदियों और तालाबों को स्वच्छ बनाएंगे और अनावश्यक वनों की कटाई का विरोध करेंगे।

इस अवसर पर जनपद सदस्य भाऊ राम भास्कर, छत्तीसगढ़ आदिवासी कल्याण संस्था रायपुर के सोनऊ राम नेताम, पूर्व जनपद सदस्य अजय नेताम, सुरेंद्र भास्कर, केवल नेताम, सतीश भास्कर, दिलीप कुमार नेताम, बाल सिंह नेताम, चितरंजन नेताम, राम सिंह भास्कर, सातऊ राम नेताम, आदम सिंह नेताम, अजीत नेताम और शाहिद व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण को दूषित कर रहा है : विवेक सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मा के नाम कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय 'पावन धाम वृंदावन कॉलोनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि रोटरी क्लब अध्यक्ष सीए भ्राता विवेक सोनी ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनायें दी। अपने संबोधन में पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने की बात कहीं। उन्होंने कहा की ज़्यादा से ज़्यादा पौधा रोपण करे। प्लास्टिक का उपयोग हमारे पर्यावरण को दूषित कर रहा है। हमे प्लास्टिक को फेकने के बजाए प्लास्टिक के पानी बॉटल के डाल देना चाहिए और रिसाइकल करने भेजना चाहिए। बाहर जब कभी भी ख़रीदी करने जाये तो एक झोला अवश्य ले जाए। चाय कॉफ़ी डिस्पोजेबल कप्स में ना पिए। खाने का कोई भी सामान ख़ास तौर पर गर्म खाना प्लास्टिक बैग्स में न लाए इसके लिए अलग से घर से बर्तन ले जाये। वाटर हार्वेस्टिंग जैसे तकनीक को घर में लगाएं। सोलर पैनल्स का इस्तेमाल करें।नउन्होंने कहा एक संकल्प सब ले की कम से कम कोई भी एक उद्देश्य को हासिल करें जो आपको सहज और सरल लगे चाहे वो एक पौधा लगाना हो या किसी भी एक दिन प्लास्टिक का प्रयोग ना करना हो लेकिन अवश्य करें। उन्होंने अपने संबोधन में ये भी कहा कि सब से चमत्कारी और दो अक्षर के शब्द है। हमे सिर्फ संकल्प नहीं लेना है हमे सिर्फ सपने नहीं देखना है।

## आदिवासी छात्र युवा संगठन ने स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के विरोध में रखी मांग

**पखांजुर।** आदिवासी छात्र युवा संगठन ने प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की नीति का कड़ा विरोध किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश नुरूटी ने कहा कि इस नीति के तहत ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के कई स्कूलों को बंद किया जा रहा है या उनका अन्य स्कूलों में विलय किया जा रहा है, जो आदिवासी बच्चों के शिक्षा के अधिकार और उनके भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। आदिवासी छात्र युवा संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्कूलों के बंद होने से बच्चों को दूरस्थ स्कूलों तक पहुंचने में कठिनाई होगी। स्कूलों के विलय और शिक्षकों के स्थानांतरण से कक्षाओं में भीड़ बढ़ेगी और शिक्षण कार्य प्रभावित होगा, स्थानीय स्कूल आदिवासी समुदायों के सांस्कृतिक और सामाजिक केंद्र हैं, इनके बंद होने से आदिवासी पहचान और सामुदायिक एकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आदिवासी छात्र युवा संगठन ने सरकार से मांग है कि स्कूलों को बंद करने या विलय करने का निर्णय तत्काल रद्द किया जाए। आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों को मजबूत करने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति और बुनियादी ढांचे का विकास किया जाए, इस नीति पर आदिवासी समुदायों, अभिभावकों, शिक्षकों और अन्य हितधारकों के साथ पारदर्शी और समावेशी चर्चा की जाए। यदि सरकार मांगों को पूरा नहीं करती है तो जन जागरुकता अभियान चलाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## मुख्यमंत्री साय का संबलपुर में हुआ स्वागत, किया पौधारोपण



**कांकेर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर के ग्राम संबलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और गोंडवाना समाज के प्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संबलपुर के ग्राम कराठी आगमन पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत हाई स्कूल मैदान परिसर संबलपुर में बादाम के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर कांकेर सांसद भोजराज नाग, अंतागढ़ विधायक विक्रमदेव उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी वृक्षारोपण किया। इस दौरान गोंडवाना समाज समन्वय समिति के पदाधिकारियों और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित डीआईजी कांकेर अमित तुकाराम कांबले, कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला भी उपस्थित रहे।

## पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल में विश्व पर्यावरण दिवस मना



दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल में प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यालय परिसर मे फलदार पौधे लगाएं गए। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है, जो हमें पर्यावरण संरक्षण के महत्व की याद दिलाता है। यह दिन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को समझने और प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर ध्यान देने का अवसर है। हमें अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने और टिकाऊ जीवन शैली अपनाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने होंगे। इस मौके पर दिलीप सेवता, हरीश नागराज, मनोजित राय, घामेंद्र देशमुख, सुनयना साहू, आयुषी मेश्राम, ज्योति ठाकुर, लक्षण दुग्गा, भूणेश, तेजश्वनि सिन्हा, मिथिला नरेटी आदि उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
स्पेशल ट्रेन
13 सितंबर से 19 सितंबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411